# सोनाली राजस्थानी के युवा साहित्य सम्मान से सम्मानित

**बीकानेर @ पत्रिका.** बीकानेर की युवा कवयित्री सोनाली सुथार को रविवार को भुवनेश्वर में केन्द्रीय साहित्य अकादमी के पुरस्कार समारोह में वर्ष 2024 का राजस्थानी भाषा के लिए युवा साहित्य पुरस्कार दिया गया। सोनाली को यह पुरस्कार उनके राजस्थानी काव्य संग्रह सुध सोधूं जग आंगणै के लिए दिया गया।




समारोह की अध्यक्षता साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने की तथा मुख्य अतिथि अंग्रेजी के कवि जैरी पिंटो थे।